Roll No. ........................ Total Pages : 2

# GSM/D-21 964

# HINDI COMPULSORY

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 40

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 6+6=12

(क) थे कर्मवीर कि मृत्यु की भी ध्यान कुछ धरते न थे,
थे युद्धवीर कि काल से भी हम कभी डरते न थे।
थे दानवीर कि देह का भी लोभ हम करते न थे,
थे धर्मवीर कि प्राण के मोह पर मरते न थे।।

(ख) धूल लगी है पद काँटों से बिंधा है, दुःख अपार।
किसी तरह से भूला भटका आ पहुँचा हूँ, तेरे द्वार।।
डरो न इतना, धूल-धूसरित होगा नहीं, तुम्हारा द्वार।
धो डाले हैं इनको प्रियवर, इन आँखों से आँसू ढार।।

(ग) नवगति, नवलय, ताल छन्द नव
नवल कंठ, नव जलद मन्द्र रव
नव नभ के नव विहंग वृंद को
नव पर नव स्वर दे!

(घ) दो प्रेमी हैं, यहाँ एक जब
बड़े साँझ आल्हा गाता है,
पहला स्वर उसकी राधा को
घर से यहाँ खींच लाता है।
चोरी-चोरी खड़ी नीम की

छाया में छिपकर सुनती है,

'हुई न क्यों मैं कड़ी गीत की

बिधना?' यो मन में गुनती है।

2. जयशंकर प्रसाद अथवा मैथिलीशरण गुप्त का साहित्यिक परिचय दीजिए। 6

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 8

(क) वैश्वीकरण एवं विज्ञान
(ख) दूरदर्शन
(ग) मानवाधिकार
(घ) विज्ञान और औद्योगिकरण
(ङ) मद्य-निषेध।

4. राजकीय महाविद्यालय, करनाल के प्राचार्य की ओर से कुरुक्षेत्र, विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के परीक्षा नियंत्रक को एक पत्र लिखिए, जिसमें विद्यार्थियों की परीक्षा सम्बन्धी समस्याओं के समाधान का अनुरोध हो।

अथवा

जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र की ओर से मुख्य चिकित्या अधिकारी कुरुक्षेत्र को एक पत्र लिखिए, जिसमें कोरोना महामारी से बचने के उपाय एवं निर्देश दिए गए हों। 9

5. निम्नलिखित वैज्ञानिक शब्दावली में से किन्हीं पाँच का अर्थ लिखिए : 5

(i) Atmosphere
(ii) Cerebrum
(iii) Gland
(iv) Fertilization
(v) Homologous
(vi) Cluster
(vii) Fossil
(viii) Convex
(ix) Diffusion
(x) Hybrid.